# एक कहानी यह भी

Question 1.
लेखिका ने किस आंदोलन में भाग लिया ?
(a) देश की आज़ादी के
(b) नारी मुक्ति आंदोलन
(c) बाल विवाह के विरोध में आंदोलन
(d) बाल मजदूरी के विरोध में आंदोलन

▼ Answer

Answer: (a) देश की आज़ादी के
स्वाधीनता आन्दोलन में।

---

Question 2.
परिश्रमपूर्वक लिखे शब्द कोश से लेखिका के पिता को क्या प्राप्ति हुई ?
(a) अकूत धन की
(b) यश तथा प्रतिष्ठा की
(c) उनको सरकार द्वारा सम्मानित किया गया
(d) राय बहादुर की उपाधि

▼ Answer

Answer: (b) यश तथा प्रतिष्ठा की
यश तथा प्रतिष्ठा की प्राप्ति हुई।

---

Question 3.
लेखिका के जमाने में घर का क्या आशय होता था ?
(a) घर का अर्थ पूरा बँगला
(b) एक कमरा
(c) सिर छुपाने की जगह
(d) पूरा मोहल्ला

▼ Answer

Answer: (d) पूरा मोहल्ला
घर का आशय पूरा मोहल्ला होता था।

---

Question 4.
लेखिका को लेखन की प्रेरणा किससे मिली ?
(a) अपने पिता से
(b) अपनी हिंदी प्राध्यापिका से
(c) अपनी माता से
(d) 'a' और 'b' दोनों से

▼ Answer

Answer: (d) 'a' और 'b' दोनों से
लेखिका को लेखन की प्रेरणा अपने पिता व अपनी प्राध्यापिका शीला अग्रवाल से मिली।

---

Question 5.
लेखिका ने स्वतंत्रता आंदोलन में किस प्रकार भाग लिया ?
(a) प्रभात फेरियाँ निकालकर
(b) जुलूस निकालकर
(c) जोशीले भाषण के द्वारा
(d) उपयुक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपयुक्त सभी कथन सत्य हैं
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 6.
किस घटना के बारे में सुनने पर लेखिका को अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हुआ ?
(a) डॉक्टर साहब द्वारा अपने पिता से कही बातें को
(b) कॉलेज बंद होने वाली घटना
(c) प्रिंसिपल द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही वाली घटना
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) प्रिंसिपल द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाई वाली घटना।

---

Question 7.
लेखिका की अपने घर में सबसे अधिक वैचारिक टकराहट किससे थी ?
(a) अपनी बहिन सुशीला से
(b) अपनी माता जी से
(c) अपनी नौकरानी से
(d) अपने पिता जी से

▼ Answer

Answer: (d) अपने पिता जी से।

---

Question 8.
लेखिका के व्यक्तित्व पर सबसे अधिक प्रभाव किसका पड़ा ?
(a) लेखिका की हिंदी प्राध्यापिका का
(b) लेखिका के पिता का
(c) लेखिका की माता का
(d) लेखिका की बड़ी बहिन सुशीला का

▼ Answer

Answer: (b) लेखिका के पिता का।

---

Question 9.
मन्नू भंडारी का जन्म कब हुआ ?
(a) सन् 1931 में भानपुरा मध्य प्रदेश में
(b) सन् 1924 में इलाहाबाद में
(c) सन् 1935 में भोपाल में
(d) सन् 1935 में इंदौर में

▼ Answer

Answer: (a) सन् 1931 में भानपुरा मध्य प्रदेश में
मन्नूभण्डारी का जन्म सन् 1931 में भानपुरा मध्य प्रदेश में हुआ।

---

Question 10.
मन्नू भंडारी मूलतः एक .......................... है ?
(a) कवयित्री
(b) निबंधकार
(c) कहानीकार
(d) अभिनेत्री

▼ Answer

Answer: (c)कहानीकार
मन्नूभण्डारी मूलतः एक कहानीकार है।

---

Question 11.
इनमें से कौन-सी रचना मन्नू भंडारी की नहीं है ?
(a) मैं हार गई
(b) प्यासी पथराई आँखें
(c) एक प्लेट सैलाब
(d) आपका बंटी महाभोज

▼ Answer

Answer: (b) प्यासी पथराई आँखें
'प्यासी पथराई आँखे' नागार्जुन की रचना है।

---

Question 12.
लेखिका के पिता क्रोधी क्यों हो गए थे ?
(a) आर्थिक तंगी के कारण
(b) बीमारी के कारण
(c) अपनी पुत्री को लेकर
(d) स्थान परिवर्तन के कारण

▼ Answer

Answer: (a) आर्थिक तंगी के कारण
आर्थिक तंगी ने उनके स्वभाव को क्रोधी बना दिया था।

---

Question 13.
लेखिका के पिता किन गुणों के भग्नावशेषों को ढो रहे थे ?
(a) हृदयगत कोमलता
(b) संवेदनशीलता
(c) दरियादिली
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी
उपर्युक्त सभी गुणों के।

---

Question 14.
घर की दीवारों का पूरे मोहल्ले तक फैलने से आशय है ?
(a) एक ही परिवार के व्यक्तियों का वास
(b) सारे मोहल्ले का घर जैसा होना
(c) वसुधैव कुटुंबकम की भावना होना
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (b) सारे मोहल्ले का घर जैसा होना
सारा मोहल्ला ही घर जैसा होना।

---

Question 15.
शीला अग्रवाल कौन-थीं ?
(a) एक समाज सेविका
(b) क्षेत्र की नेता
(c) विद्यालय में हिंदी की प्राध्यापिका
(d) लेखिका की रिश्तेदार

▼ Answer

Answer: (c) विद्यालय में हिंदी की प्राध्यापिका
शीला अग्रवाल हिन्दी की प्राध्यपिका थी।

---

## गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

जन्मी तो मध्य प्रदेश के भानपुरा गाँव में थी, लेकिन मेरी यादों का सिलसिला शुरू होता है अजमेर के ब्रह्मपुरी मोहल्ले के उस दो-मंजिला मकान से, जिसकी ऊपरी मंज़िल में पिता जी का साम्राज्य था, जहाँ वे निहायत अव्यवस्थित ढंग से फैली-बिखरी पुस्तकों-पत्रिकाओं और अखबारों के बीच या तो कुछ पढ़ते रहते थे या फिर 'डिक्टेशन' देते रहते थे। नीचे हम सब भाई-बहिनों के साथ रहती थीं हमारी बेपढ़ी-लिखी व्यक्तित्वविहीन माँ... सवेरे से शाम तक हम सबकी इच्छाओं और पिता जी की आज्ञाओं का पालन करने के लिए सदैव तत्पर। अजमेर से पहले पिता जी इंदौर में थे जहाँ उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी, सम्मान था, नाम था। कांग्रेस के साथ-साथ वे समाज-सुधार के कामों से भी जुड़े हुए थे। शिक्षा के वे केबल उपदेश ही नहीं देते थे, बल्कि उन दिनों आठ-आठ, दस-दस विद्यार्थियों को अपने घर रखकर पढ़ाया है; जिनमें से कई तो बाद में ऊँचे-ऊँचे ओहदों पर पहुंचे।

Question 1.
मन्नू भंडारी का जन्म कहाँ हुआ था ?
(a) म. प्र. के भानपुरा गाँव में
(b) राजस्थान के अजमेर नगर में
(c) राजस्थान के जयपुर नगर में
(d) म. प्र. के इंदौर शहर में

▼ Answer

Answer: (a) म. प्र. के भानपुरा गाँव में।

---

Question 2.
लेखिका ने अपनी माँ को कैसा बताया है ?
(a) साधारण
(b) पराश्रित
(c) नासमझ
(d) व्यक्तित्वविहीन

▼ Answer

Answer: (d) व्यक्तित्वविहीन।

---

Question 3.
लेखिका के पिता किस राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़े हुए थे
(a) कम्युनिस्ट पार्टी
(b) फारवर्ड ब्लॉक
(c) कांग्रेस
(d) भारतीय जनता पार्टी

▼ Answer

Answer: (c) कांग्रेस।

---

Question 4.
लेखिका के पिता की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था। यह आप कैसे कह सकते हैं ?
(a) वे अपनी पत्नी पर हुक्म चलाते थे
(b) उन्होंने दस-दस विद्यार्थियों को अपने घर में रखकर पढ़ाया
(c) वे समाज सुधार के कार्यों से जुड़े हुए थे
(d) वे बहुत अध्ययनशील थे

▼ Answer

Answer: (b) उन्होंने दस-दस विद्यार्थियों को अपने घर में रखकर पड़ाया।

---

Question 5.
'निहायत' का अर्थ है .............. ?
(a) बिल्कुल
(b) कुछ-कुछ

(c) बहुत कुछ
(d) मूर्ख

▼ Answer

Answer: (a) बिल्कुल।

---

(2)

पर यह सब तो मैंने केवल सुना। देखा, तब तो इन गुणों के भग्नावशेषों को ढोते पिता थे। एक बहुत बड़े आर्थिक झटके के कारण वे इंदौर से अजमेर आ गए थे, जहाँ उन्होंने अपने अकेले के बल-बूते और हौसले से अंग्रेज़ी-हिंदी शब्दकोश (विषयवार) के अधूरे काम को आगे बढ़ाना शुरू किया जो अपनी तरह का पहला और अकेला शब्दकोश था। इसने उन्हें यश और प्रतिष्ठा तो बहुत दी, पर अर्थ नहीं और शायद गिरती आर्थिक स्थिति ने ही उनके व्यक्तित्व के सारे सकारात्मक पहलुओं को निचोड़ना शुरू कर दिया। सिकुड़ती आर्थिक स्थिति के कारण और अधि क विस्फारित उनका अहं उन्हें इस बात तक की अनुमति नहीं देता था कि वे कम-से-कम अपने बच्चों को तो अपनी आर्थिक विवशताओं का भागीदार बनाएँ। नवाबी आदतें, अधूरी महत्वाकांक्षाएँ, हमेशा शीर्ष पर रहने के बाद हाशिए पर सरकते चले जाने की यातना क्रोध बनकर हमेशा माँ को काँपती-थरथराती रहती थीं।

Question 1.
यहाँ भग्नावशेषों को ढोने का क्या अर्थ है ?
(a) पुरानी बातों को वर्तमान में लागू करना
(b) टूटे-फूटे भवन
(c) रूढ़िवादी विचार
(d) महलों के खंडहर

▼ Answer

Answer: (a) पुरानी बातों को वर्तमान में लागू करना।

---

Question 2.
लेखिका के पिता अजमेर में कब आए ?
(a) जब उन्हें काफी बड़ा आर्थिक लाभ हुआ
(b) जब उनको बहुत बड़ी आर्थिक हानि हुई
(c) व्यापार के सिलसिले में
(d) जब अजमेर में घर खरीद लिया

▼ Answer

Answer: (b) जब उन्हें बहुत बड़ी आर्थिक हानि हुई।

---

Question 3.
लेखिका के पिता ने किस शब्द कोश की रचना की।
(a) अंग्रेजी-उर्दू शब्द कोश
(b) संस्कृत-हिंदी शब्द कोश
(c) अंग्रेजी-हिन्दी शब्द कोश
(d) जर्मन-हिंदी शब्द कोश

▼ Answer

Answer: (c) अंग्रेजी-हिन्दी शब्द कोश।

---

Question 4.
विस्फारित का क्या अर्थ है ?
(a) संकुचित
(b) विकसित
(c) फैला हुआ
(d) फूला हुआ

▼ Answer

Answer: (c) फैला हुआ।

---

Question 5.
लेखिका के पिता के क्रोध का क्या कारण था ?
(a) शीर्ष पर रहने के बाद हासिये पर चला जाना
(b) नवाबी आदतें
(c) अधूरी महत्त्वाकांक्षाएँ
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी
सभी कथन सत्य हैं।

---

(3)

आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी जिंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ोस-कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है। मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरंभिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुज़ार अपनी युवावस्था का आरंभ किया था। एक-दो को छोड़कर उनमें से कोई भी पात्र मेरे परिवार का नहीं है। बस इनको देखते-सुनते इनके बीच ही मैं बड़ी हुई थी लेकिन इनकी छाप मेरे मन पर कितनी गहरी थी, इस बात का अहसास तो मुझे कहानियाँ लिखते समय हुआ। इतने वर्षों के अंतराल ने भी उनकी भाव-भंगिमा, भाषा, किसी को भी धुंधला नहीं किया था और बिना किसी विशेष प्रयास के बड़े सहज भाव से वे उतरते चले गए थे।

Question 1.
यहाँ लेखिका किस कल्चर की बात कर रही है ?
(a) आधुनिक-कल्चर
(b) भारतीय-कल्चर
(c) पाश्चात्य-कल्चर
(d) पड़ोस-कल्चर

▼ Answer

Answer: (d) पड़ोस-कल्चर।

---

Question 2.
पड़ोस-कल्चर को सबसे अधिक नुकसान किसने पहुँचाया ।

(a) महानगरों की फ़्लैट संस्कृति ने
(b) पाश्चात्य सभ्यता ने
(c) शहरीकरण की प्रक्रिया ने
(d) हमारी स्वार्थपरता ने

▼ Answer

Answer: (a) महानगरों की फ़्लैट संस्कृति ने।

---

Question 3.
फ़्लैट संस्कृति का क्या परिणाम हुआ ?
(a) हम एक-दूसरे के पास आ गए
(b) हम एक-दूसरे से दूर हो गए
(c) हम अपने तक ही सीमित रह गए
(d) 'a' और 'b' कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) 'a' और 'b' दोनों कथन सत्य हैं।

---

Question 4.
लेखिका की कहानियों के पात्र कहाँ के हैं ?
(a) उसके घर के
(b) उसके मुहल्ले के
(c) उसके राज्य के
(d) कल्पना लोक के

▼ Answer

Answer: (b) उसके मुहल्ले के।

---

Question 5.
'असुरक्षित' शब्द में मूल शब्द उपसर्ग एवं प्रत्यय बताइए
(a) अ + सुरक्ष + इत
(b) असु + रक्ष + इत
(c) अ + सु + रक्ष + इत
(d) अ + सुरक्ष + ईत

▼ Answer

Answer: (c) अ + सु + रक्षा + इत।

---

(4)

पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ। धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें। पिता जी की हर ज्यादती को अपना प्राप्य और बच्चों की हर उचित-अनुचित फरमाइश और ज़िद को अपना फर्ज समझकर बड़े सहज भाव से स्वीकार करती थीं वे। उन्होंने जिंदगी भर अपने लिए कुछ माँगा नहीं, चाहा नहीं..... केवल दिया ही दिया। हम भाई-बहिनों का सारा लगाव (शायद सहानुभूति से उपजा) माँ के साथ था लेकिन निहायत असहाय मजबूरी में लिपटा

उनका यह त्याग कभी मेरा आदर्श नहीं बन सका.... न उनका त्याग, न उनकी सहिष्णुता। खैर, जो भी हो, अब यह पैतृक-पुराण यहीं समाप्त कर अपने पर लौटती हूँ।

Question 1.
लेखिका की माँ कैसी थी ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- अनपढ़
- धैर्यवान।

---

Question 2.
लेखिका की माता अपना परिवार किस प्रकार चलाती थी ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वह सबकी आज्ञा का पालन करती थी
- अपनी संतान की उचित-अनुचित सभी माँगों को मानती थी।

---

Question 3.
माँ का त्याग लेखिका का आदर्श क्यों नहीं बन सकता ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- लेखिका को माँ की अधिक सहनशीलता पसंद नहीं थी
- उनका असहाय रूप सहानुभूति तो पैदा करता था परन्तु अनुकरणीय नहीं था।

---

Question 4.
इन पंक्तियों में लेखिका किसके बारे में बात कर रही

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- अपनी माँ के बारे में
- अपने परिवार के व्यवहार के बारे में।

---

Question 5.
लेखिका की माँ ने अपने लिए अपने पति से जिंदगी भर कुछ भी नहीं माँगा, क्यों ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वह बहुत धैर्यवान थी
- जो मिल जाए उसे वह अपना प्राप्य समझती थी
- देने वाला कहीं चाह की कामना नहीं करता।

---

(5)

शीला अग्रवाल ने साहित्य का दायरा ही नहीं बढ़ाया था; बल्कि घर की चारदीवारी के बीच बैठकर देश की स्थितियों को जानने-समझने का जो सिलसिला पिता जी ने शुरू किया था, उन्होंने वहाँ से खींचकर उसे भी स्थितियों की सक्रिय भागीदारी में बदल दिया। सन् *'46-47* के दिन....वे स्थितियाँ, उसमें वैसे भी घर में बैठे रहना संभव था भला ? प्रभात-फेरियाँ, हड़तालें, जुलूस, भाषण हर शहर का चरित्र था और पूरे दमखम और जोश-खरोश के साथ इन सबसे जुड़ना हर युवा का उन्माद। मैं भी युवा थी और शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था। स्थिति यह हुई कि एक बवंडर शहर में मचा हुआ था और एक घर में। पिता जी की आज़ादी की सीमा यहीं तक थी कि उनकी उपस्थिति में घर में आए लोगों के बीच उ–बैन, जानूँ-समझू। हाथ उठा-उठाकर नारे लगाती, हड़तालें करवाती, लड़कों के साथ शहर की सड़कें नापती लड़की को अपनी सारी आधुनिकता के बावजूद बर्दाश्त करना उनके लिए मुश्किल हो रहा था तो किसी की दी हुई आज़ादी के दायरे में चलना मेरे लिए। जब रगों में लहू की जगह लावा बहता हो तो सारे निषेध, सारी वर्जनाएँ और सारा भय कैसे ध्वस्त हो जाता है, यह तभी जाना।

Question 1.
शीला अग्रवाल का लेखिका के लिए क्या योगदान रहा ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- शीला अग्रवाल की प्रेरणा से लेखन प्रति लेखिका की अभिरुचि पैदा हुई
- अच्छे साहित्य की परख भी उन्हीं की प्रेरणा से हुई
- शीला अग्रवाल के कारण ही लेखिका ने देश की आज़ादी के आंदोलन में सक्रिय भाग लिया।

---

Question 2.
देश की आज़ादी के आंदोलन में लेखिका का क्या योगदान रहा ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- लेखिका जुलूस में भाग लेती थी
- भाषण देती थी
- विद्यालय में छात्राओं से हड़ताल करवा देती थी।

---

Question 3.
लेखिका के घर में क्या बवंडर मचा हुआ था ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- लेखिका के पिता एक हद तक ही लड़कियों की आज़ादी चाहते थे
- उनके अनुसार उनकी पुत्री हद पार कर रही थी।

---

Question 4.
लेखिका के पिता क्या चाहते थे ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- लेखिका के पिता चाहते थे कि उनकी उपस्थिति घर के बीच के लोगों तक ही रहे
- वह इस प्रकार खुली सड़कों पर प्रदर्शन में भाग न लें।

---

Question 5.
देश की आज़ादी के आंदोलन ने लेखिका को किस प्रकार प्रभावित किया ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- लेखिका की रगों में भी खून की जगह लावा बह रहा था
- लेखिका ने अपने पिता द्वारा निर्धारित सीमाओं को तोड़ दिया।

---

(6)

यश-कामना बल्कि कहूँ कि यश-लिप्सा, पिता जी की सबसे बड़ी दुर्बलता थी और उनके जीवन की धुरी था यह सिद्धांत कि व्यक्ति को कुछ विशिष्ट बन कर जीना चाहिए....कुछ ऐसे काम करने चाहिए कि समाज में | उनका नाम हो, सम्मान हो, प्रतिष्ठा हो, वर्चस्व हो। इसके चलते ही मैं दो-एक बार उनके कोप से बच गई थी। एक बार कॉलिज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिता जी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए ? पत्र पढ़ते ही पिता जी आग-बबूला । "यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी....पता नहीं क्या-क्या सुनना पड़ेगा वहाँ जाकर! चार बच्चे पहले भी पढ़े, किसी ने यह दिन नहीं दिखाया।" गुस्से से भन्नाते हुए ही वे गए थे। लौटकर क्या कहर बरपा होगा, इसका अनुमान था, सो मैं पड़ोस की एक मित्र के यहाँ जाकर बैठ गई। माँ को कह दिया कि लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए, तब बुलाना।

Question 1.
लेखिका के पिता की सबसे बड़ी दुर्बलता क्या थी ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- यश की चाह

- विशिष्ट बनकर जीने की इच्छा
- समाज में प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले काम।

---

Question 2.
कॉलेज की प्रिंसिपल ने लेखिका के पिता को क्यों बुलाया था ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- लेखिका की शिकायत करने के लिए।

---

Question 3.
लेखिका के पिता जी के आग बबूला होने का क्या कारण था ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- प्रिंसिपल का पत्र जिसमें मन्नू को कॉलेज से निकालने की बात कही थी
- उनका मानना था कि इस लड़की के कारण मैं कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रहूँगा।

---

Question 4.
लेखिका पड़ोस की एक मित्र के घर जाकर क्यों बैठ गई थी ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- उनको पता था कि कॉलेज से जब पिता जी लौटेंगे तो बहुत झाड़ पड़ेगी
- पिता के कोप से बचने के लिए ही वह वहाँ गई थी।

---

Question 5.
इन पंक्तियों में लेखिका का कैसा स्वभाव उभरकर आता

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- लेखिका धुन की पक्की थी
- उनके मन मे देशभक्ति की भावना थी
- वे समझदारी से काम लेने वाली थी
- वे जानती थी कि क्रोधी आदमी के सामने पड़कर उसके क्रोध को बढ़ाने से अच्छा दूर हट जाना है।

---

बोधात्मक प्रश्न

Question 1.
लेखिका के मन में हीन भावना पैदा होने का क्या कारण

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- पिता द्वारा बड़ी बहन सुशीला से मन्नू की तुलना करना और सुशीला को श्रेष्ठ बताना।

---

Question 2.
महानगरों की सबसे बड़ी विडंबना क्या हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- पड़ोस कल्चर का अभाव
- परस्पर सहयोग में कमी।

---

Question 3.
लेखिका के पिता का स्वभाव शक्की क्यों हो गया था ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- अपने साथ हुए विश्वासघात के कारण
- अपनों के द्वारा ठगे जाने के कारण।

---

Question 4.
लेखिका की माँ के व्यक्तित्व पर टिप्पणी कीजिए|

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- लेखिका की माँ अनपढ़ थी
- वह बहुत धैर्यवान थी
- वह परिवार के हर सदस्य की जरूरत का ख्याल रखती थी वे जिंदगी भर दूसरों की खुशी के लिए कार्य करती रही।

---

Question 5.
लेखिका के पिता की सबसे बड़ी कमज़ोरी क्या थी ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- यश की कामना
- विशिष्ट बनकर जीने की इच्छा
- ऐसा काम करना जिससे समाज में सम्मान हो।

---

Question 6.
कॉलेज की प्रिंसिपल मन्नू से क्यों परेशान थी ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- मन्नू स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेती थी
- वह जलूस निकालती थी व भाषण देकर सभी छात्राओं को इकट्ठा कर लेती थी
- प्रिंसिपल के लिए कक्षाएँ चलाना मुश्किल हो गया था।

---